हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 सितंबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

12 स्वभाव, संस्कार थीम पर स्वच्छता ही सेवा...



12 पेंशनर एसोसिएशन ने मनाया शिक्षक दिवस



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

# अर्ली वेरायटी के धान में आने लगी बालियां, इधर सता रही सूखे की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करीब एक हफ्ते से मानसूनी बारिश पर ब्रेक लगने एवं तेज गर्मी से खेतों में दरारें पड़नी शुरू हो चुका है। जमीन सुखकर कठोर हो जाने की वजह से धान के पौधों की वृद्धि रुक गई है। खासकर, अर्ली वेरायटी के धान में बालियां निकलने का समय है। लेकिन, पानी के अभाव में बालियां निकल नहीं पा रहीं और जिन पौधों में बालियां निकल निकल चुकी है, वह भी पानी के अभाव में मुरझा रही हैं। किसानों की मानें धान की फसल को बचा पाना मुश्किल है। अब बारिश होने के बाद भी आठ आना फसल के आने की संभावना नहीं है।

## बारिश नहीं होने से पानी के अभाव में मुरझा रही फसलें, किसान चिंतित

### फसल हो जाएगी चौपट

बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम झिटकी के किसान बीरबल साहू ने बताया कि बारिश नहीं होने से धान की फसल चौपट होने के कगार पर है। झिटकी खार के करीब साठ एकड़ में अर्ली वेरायटी की फसल ली जा रही है, जिसमें बालियां निकल रही हैं। लेकिन, तेज धूप के कारण पौधे मुरझाकर पीले पड़ चुका है। यहीं हाल आसपास के गांव राटापाली, झलमला, भैरभाठा का भी है।



### बन रहीं सूखे की स्थिति

जिले में अब तक मात्र 729.9 मिमी वर्षा हुई है, जो जिले में आज की तिथि में सामान्य औसत वर्षा 873.6 मिमी से 143 मिमी कम है। एक सप्ताह से बारिश पर ब्रेक लगने की वजह से जिले में सूखे की स्थिति बन रही हैं। मौसम विज्ञानियों की मानें तो आगामी दिनों में बारिश की संभावना बन रही है। लेकिन, खंडवर्षा की संभावना ज्यादा है।

बता दें कि अगस्त माह के आखिरी दिनों में अच्छी बारिश होने के बाद से अब तक जिले में सूखे के हालात हैं। खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। वहीं, भाठा-टिकरा जमीनों में दरारें पड़ना शुरू हो चुकी है। इससे बोए गए धान के पौधे मुरझाकर पीला पड़ चुका है। बारिश के अभाव में खासकर अर्ली वेरायटी के धान की फसल को ज्यादा नुकसान हो रहा है। क्योंकि, अर्ली वेरायटी के पौधों में बालियां निकलने का समय है और इस दौरान खेतों में पानी नहीं होने के कारण बालियां निकल नहीं पा रही हैं और जिन खेतों में बालियां निकल भी रही हैं, तो सूख जा रही हैं। बता दें कि धान के पौधों में बालियां निकलने के दौरान पर्याप्त पानी की जरूरत पड़ती है।

## विडंबना: ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अधिक परेशानी, भगवान भरोसे शिक्षा व्यवस्था

# युक्तियुक्तकरण नहीं होने से एकल शिक्षकीय रह गए जिले के 234 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को स्थगित किए जाने के चलते जिले के करीब दो सौ से ज्यादा सरकारी स्कूलों के बच्चों और पालकों को गहरा झटका लगा है। पिछले लंबे अरसे से इन स्कूलों में एक शिक्षक होने के कारण स्कूल में अध्यापन का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पालकों को उम्मीद थी कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया किए जाने के बाद एक शिक्षकीय या शिक्षक विहीन स्कूलों में नई पदास्थापना की जाएगी। लेकिन, शिक्षक संगठनों के दबाव में आकर शासन ने फिलहाल इस प्रक्रिया से हाथ खींच लिया है।

बता दें कि राज्य शासन द्वारा सरकारी स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को समीप के स्कूलों में मर्ज किया जा रहा था। इस युक्तियुक्तकरण से घर के समीप सरकारी स्कूलों में पदस्थ कई प्रभावशाली शिक्षक भी अतिशेष हो रहे थे। अतिशेष होने की स्थिति में उन्हें दूर-दराज के सरकारी स्कूलों में पदस्थ किए जाने की भी तैयारी थी। लेकिन, इस प्रक्रिया पर रोक लगने के बाद जिले के सैकड़ों स्कूल एक शिक्षक के ही भरोसे रह गए, जहां एक शिक्षक ही पहली से पांचवीं तक के बच्चों को पढ़ा रहा है।




जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 1281 प्राथमिक शाला में कुल 234 स्कूलों में एक-एक शिक्षक की नियुक्ति है। वहीं, 14 माध्यमिक शाला में एक शिक्षक को सभी विषयों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है। इसके अलावा स्कूल से संबंधित अन्य कार्य भी शिक्षक को अकेले ही करना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

### बिना शिक्षक स्कूलों का संचालन

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले की उन 14 स्कूलों में ही पहली बार नियमित शिक्षक पदस्थ होते, जहां पिछले कई सालों से बिना शिक्षक के ही सरकारी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में बागबाहरा के प्राशा कमारबासा, पूमाशा खैरटकला, हाईस्कूल मरार कसीबाहरा, हाईस्कूल मोहगाँव, पिथौरा के प्राशा भाठापारा, उप्राशा फुटगुना, बसना के प्राथ शाला छोटे टेमरी, सरायपाली के प्राशा छुईयांपाली, प्राशा अंतरझोला, प्राशा बेलडीपठार, प्राशा पझरापाली, प्राशा सेमलिया, हाईस्कूल सिंघोड़ा, महासमुंद के हाईस्कूल पासिद शामिल है।

### शहरी इलाकों में ज्यादा पोस्टिंग

आंकड़ों पर गौर किया जाए तो शहरी इलाकों में संचालित सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग ज्यादा है। वहीं गांवों की स्कूलों में शिक्षक ही नहीं है। राजनीतिक पहुंच के जरिए शिक्षकों ने अपनी पोस्टिंग मनचाही शहरी स्कूलों में करा रखी है, जिसके कारण गांवों के स्कूलों में शिक्षकों का अभाव बना हुआ है। सालों बाद इन स्कूलों में शैक्षणिक माहौल तैयार होने की उम्मीद थी। लेकिन, वह भी धराशाही हो गई।

### ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा प्रभावित

दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ज्यादा पिछड़ा है। ज्यादातर शिक्षक वहां जाना नहीं चाहते हैं। शिक्षकों की व्यवस्था कर भी दी जाए तो शिक्षक ज्यादा दिन टिकते नहीं हैं। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन शिक्षकों की कमी को लेकर तालाबंदी की भी खबरें आती हैं। फिर आस- पास के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी जाती है, लेकिन स्थायी नियुक्ति नहीं होने से समस्या बरकरार रहती है।

# कर चोरी के संदेहियों पर सेंट्रल जीएसटी की छापामार कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टैक्स चोरी की संभावना को देखते हुए सेंट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के दो कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में गुरुवार देर शाम दबिश दी। शहर के गोल बाजार स्थित एमजी रोड के तुषार एजेंसी और कृष्णानी एजेंसी में 15 सदस्यीय टीम पहुंची और दस्तावेजों को खंगाला। छापामारी के पीछे करोड़ों के लेनेदेन की बोगस बिल और टैक्स चोरी की आशंका जताई जा रही है।

बता दें कि दोनों प्रतिष्ठानों के व्यापार पटाखा, गुटखा, सिगरेट, गुड़ाखू और वाशिंग पाउडर के व्यापार से जुड़े हैं। प्रतिष्ठान तुषार एजेंसी एवं कृष्णानी एजेंसी पर गुरुवार की शाम 7 बजे सेंट्रल जीएसटी की 15 सदस्यीय टीम द्वारा छापामार कार्रवाई किए जाने की खबर के चलते अन्य व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। दोनों प्रतिष्ठानों के मालिक राजेश कृष्णानी और दिलीप कृष्णानी दोनो सगे भाई हैं। दोनों ही भाई गुटखा, पटाखा, सिगरेट वाशिंग पाउडर का व्यापार करते है। यह पहला अवसर नही है जब दोनों व्यापारियों के यहां जीएसटी, आयकर या अन्य किसी विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई न की गई हो। लेकिन, हर बार कथित तौर पर लेनदेन कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार्रवाई विभागीय अफसरों को चढ़ावा मिलने तक गुप्त रखी जाती है और बाद खानापूर्ति की कार्रवाई कर करोड़ों के हेरफेर को लाखों में लाकर जुर्माना वसूल किए जाने का खुलासा किया जाता है। जिसके बाद व्यापारी निर्बाध पुनः अपने काले कारोबार में जुट जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट शिकायत दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खरोरा निवासी युवक के साथ मारपीट कर धारदार वस्तु से हमला कर भाग जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी हरीश जांगड़े ने पुलिस को बताया कि करीबन 11 बजे रायपुर रोड नाका चौक के पास के पास रूका था। वहां पर पहले से ही गांव का प्रकाश सतनामी था, उसने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए अपने पास रखे किसी धारदार वस्तु से वार किया और भाग गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### धारदार हथियार से हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** भाई पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी इमामुद्दीन ने पुलिस को बताया है कि मेरा बड़ा मंझला भाई एहकामुद्दीन मम्मी के साथ लड़ाई- झगड़ा कर रहा था। तब मेरे बड़ा भाई एहसामुद्दीन ने उसे मना किया। जिसे लेकर आक्रोशित होकर एहकामुद्दीन ने बड़े भाई एहसामुद्दीन को गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारधार हथियार से सिर,हाथ में प्राणघातक हमलाकर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### घर बाड़ी से अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम भीखापाली के घर बाड़ी से अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर के बताए स्थान ग्राम भीखापाली निवासी सुनील ओगरे के घर बाड़ी से एक भूरे रंग की जरकीन में 5 लीटर कीमत 1000 रुपए का हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफर धारा 34 (2) आबकरी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक कल

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 8 सितंबर रविवार को दोपहर 12 बजे चंडी मंदिर बिरकोनी में बैठक आहूत की गई है। जिसमें जिले के महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, सरायपाली के चारों ब्लाक के अध्यक्ष व ब्लाक पदाधिकारी की उपस्थिति रहेगी। जिला सचिव रामकुमार मोंगरे ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बैठक में उपस्थिति की अपील की है। जिलाध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया जाएगा।

# खेत में लगे सोलर सिस्टम के सामानों की चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** खेत में लगे सोलर सिस्टम के सामान की चोरी के मामले में महासमुंद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी हुए सामानों को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भरत लाल साहू पिता पुनीत राम साहू निवासी ग्राम साराडीह महासमुंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके खेत से अज्ञात चोर के द्वारा सोलर सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर उसमें लगे एल्युमीनियम पट्टी एवं लोहे का एंगल कीमत करीब 90000 रुपए को चोरी कर लिया गया था। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303(2), 324(4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी ज्ञानेश्वर ढीढी पिता रेशम लाल ढीढी (24 वर्ष) निवासी साराडीह एवं चम्मन ढीढी (19 वर्ष) निवासी साराडीह के द्वारा चोरी किया जाना पाया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी हुए सभी सामानों को बरामद किया गया। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।


# जयकारों के साथ आज पंडालों एवं घरों में विराजित होंगे विघ्नहर्ता

## विभिन्न प्रकार के सजावट एवं लाइट डेकोरेशन कर किया गया है जगह-जगह पंडालों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर एवं ग्रामीण इलाकों में गणेश उत्सव को लेकर उत्सह का माहौल बना हुआ है। बता दें कि इस साल गणेश चतुर्थी का उत्सव आज से शुरू होगा, जबकि गणेश विसर्जन 17 सितंबर को किया जाएगा। शहर सहित ग्रामीण अंचल में गणेश उत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

जिसके कारण नगर एवं ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह पंडालों का निर्माण किया गया है जिसमें आज गणेश स्थापना होगा। वहीं लोग अपने घरों में भी श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना घर में सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए आज करेंगे। नगर एवं ग्रामीण इलाकों में समिति अपने-अपने पंडालों को अकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के थीम पर निर्माण और सजावट किया गया है। लोग अपने घरों में भी विशेष सजावट कर विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना कर आज स्थापित करेंगे।



गणेश उत्सव को लेकर नगर के अंबेडकर चौक, सराफा मार्केट, गंजपारा, ईडब्लूएस कालोनी में भव्य एवं विशेष लाइट डेकोरेशन के साथ पंडालों का निर्माण किया गया है जिसमें 12 फीट से लेकर 20 फीट तक के मूर्तियां विराजत की जाएगी।



### 100 से लेकर 50 हजार से ज्यादा की मूर्तियों का निर्माण

शहर के कुम्हारपारा में सबसे अधिक गणेश व दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। यहां से प्रतिमाएं शहर सहित ग्रामीण अंचलों और अन्य जिलों में भी भेजी जाती हैं। इस साल यहां 100 रुपए से लेकर 50 हजार रुपए एवं इससे अधिक कीमत वाली गणेश प्रतिमा का निर्माण किया गया है। इधर, घरों में विराजित होने वाली गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए हर साल की तरह इस बार भी हाईस्कूल मैदान में दुकानें लगी हैं।

## बिहार के आरोपी, मध्यप्रदेश से जुड़े तार, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# चावल के साथ ले जा रहे 3 क्विंटल गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से रींवा-मध्यप्रदेश गांजा ले जा रहे दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों ने चावल की बोरियों के बीच में 45 लाख का गांजा छिपाकर रखा था। पुलिस ने गांजा सहित चावल की बोरी, तस्करी में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल और 20 हजार रुपए नकद जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार 5 सितंबर को कोमाखान पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक आईसर ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 3815 के डाला में चावल (कनकी) की बोरियों के नीचे छिपाकर गांजा लेकर ओडिशा से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 टेमरी नाका के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद ओडिशा की ओर से मुखबिर के बताए अनुसार ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे रोका गया। ट्रक में दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस की पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम पता बहादुरपुर टोला थाना गडहनी जिला भोजपुर बिहार निवासी अनिल कुमार (32) एवं बगल में बैठे व्यक्ति ने सिकरयां पोस्ट पहरपुर थाना गडहनी जिला भोजपुर बिहार निवासी सिध्यांन कुमार ऊर्फ मिस्त्री यादव (21) बताया।




पुलिस ने उक्त व्यक्तियों से ट्रक में लदे सामान के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि ट्रक में चावल (कनकी) भरा हुआ है। पुलिस ने तलाशी ली तो चावल बोरियों के बीच बोरियां छिपाकर रखी गयी थी जिसमें से गांजे के पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा लेकर रींवा मध्यप्रदेश ले जा रहे थे।

### आरोपियों के मध्यप्रदेश से जुड़े तार

पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया कि गांजा को राजू उर्फ इरफान भाई रीवा मध्यप्रदेश के लिए ले जा रहे थे इसके पहले भी 2 से 3 बार राजू उर्फ इरफान के लिए गांजा परिवहन किए हैं। पुलिस ने वाहन से 10 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी प्रत्येक बोरी में 30 -30 किलो कुल 300 किलोग्राम कीमत 45,00,000 रुपए के अलावा खंडा (कनकी चावल) कुल 1250 किलोग्राम कीमत करीबन 27500 रुपए, ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 3815 कीमत 7,00,000 रुपए, दो मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ मामले में एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई की गई।

### घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता, गूंजेगा गणपति बप्पा मोरिया

**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम के साथ मनाई जाती है। ऐसे में भक्तों द्वारा घर से लेकर मंदिरों में विशेष रूप से बप्पा के आगमन को तैयारी की गई है। वहीं दिनभर बाजार में मूर्ति लेने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। गणेश मूर्ति और साज सज्जा का सामान खरीदते दिखे। बप्पा की छोटी मूर्तियों की ज्यादा खरीदारी हुई। जबकि, बड़ी मूर्ति पंडाल स्थल में ही बनाए गए। हर बार की तरह इस बार भी बप्पा के भक्तों ने कई जगहों पर गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद दस दिनों तक आयोजन चलेगा। इसी के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव 7 सितंबर से भव्यता एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर गणेश चतुर्थी से लेकर डोल ग्यारस, अनंत चौदस तक त्योहारों के दौरान दस दिनों तक मंदिरों एवं पंडाल स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस से लगातार विद्युत सप्लाई एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग भी की जा रही है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा के तीजा तिहार में कई महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में तीजा तिहार (तीज महोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। सुश्री राहटकर ने कहा, प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। सुश्री राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं।

### स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, राजनांदगांव डीईओ हटाए गए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने राजनांदगांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें नवा रायपुर के इन्द्रावती भवन स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही, राजनांदगांव के सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# तीन दिन बंद रखने के बाद आज से काम पर लौटेंगे नपा के सफाई कर्मी

## जुलाई माह का वेतन जारी, अगस्त का एक सप्ताह में देने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पिछले तीन दिन तक काम बंद रखने के बाद आज शनिवार से नगरपालिका के सफाई कर्मी काम पर लौटेंगे। जुलाई माह का वेतन जारी किए जाने और अगस्त माह का वेतन एक सप्ताह के भीतर देने के आश्वासन के बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। बीते 3 दिनों तक शहर में यत्र तत्र कचरा बिखरा नजर आता रहा। कई स्थानों पर कचरे के ढेर और सड़ांध से लोग खासे परेशान रहे।

बता दें कि नगरपालिका के 30 वार्डो की सफाई का जिम्मा जो 70 कर्मचारी संभाल रहे हैं। इनमें से 32 नियमित और बाकी के 48 प्लेसमेंट के कर्मचारी हैं। जानकारी के मुताबिक प्लेसमेंट कर्मियों को जुलाई माह का




वेतन प्राप्त हो चुका है। लेकिन, नियमित कर्मियों का जुलाई माह का वेतन रूका हुआ था, जिससे उनके परिवार के सामने भरण-पोषण की समस्या पैदा हो गई। उन्हें बुधवार से काम बंद करने का निर्णय लेना पड़ा। तीन दिनों तक शहर की सफाई बंद होने के बाद शुक्रवार को नपा अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग एवं सीएमओ विजय पांडे से चर्चा के उपरांत कर्मियों ने हड़ताल वापस ले ली है। वहीं, उनको जुलाई माह का वेतन भी जारी कर दिया गया है और अगस्त का एक सप्ताह के भीतर देने का आश्वासन दिया गया है।

### भुगतान नहीं, मिलेंगे सिर्फ एक तिहाई डीजल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में नपा के वाहनों के बेवजह चलने पर भी पाबंदी लग जाएगी। क्योंकि, पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप में डीजल के लिए नगरपालिका की देनदारी 32-33 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा भुगतान की मांग की जा रही है। फिर भी शहर की सफाई व्यवस्था को देखते हुए उन्होंने महीने की कुल खपत का सिर्फ एक तिहाई डीजल देने को राजी हुए हैं। इसका प्रभाव सफाई में चलने वाले वाहनों एवं पानी सप्लाई में लगे टैंकरों पर भी पड़ेगा। अब जरूरत के मुताबिक ही वाहनों को उपयोग में लाया जा सकेगा।



### तीजा पर्व पर सुहागिनों ने की बम्हनेश्वर नाथ महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी स्थित बम्हनेश्वर नाथ महादेव मन्दिर में तीजा पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से महादेव की पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र एवं घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई।



### बड़गांव स्कूल में छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में शिक्षक दिवस मनाया गया। साथ ही छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष लोकनाथ चक्रधारी, खोमन शर्मा, भुनेश्वर निषाद उपसरपंच, पीरिथ निषाद, संस्था प्रमुख अनिल वर्मा, व्याख्यातागण महेश कुमार ध्रुव, सुनील साहू, रेखा राजपूत, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार, 6 उपाध्यक्ष पद के लिए 4 महिला व 7 पुरुष का नामांकन वैध

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद निर्वाचन प्रक्रिया में घोषित तिथि 3 से 5 सितंबर तीन दिनों तक अध्यक्ष के लिए 1 पद एवं जिला उपाध्यक्ष के लिए 6 पद 3 महिला एवं 3 पुरुष के नामांकन जमा करने की तिथि समाप्त हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष एक पद हेतु दो प्रत्याशी येतराम साहू महासमुंद एवं मनोज एस गोयल बागबाहरा 2 नामांकन प्राप्त हुआ दोनों का नामांकन वैध पाया गया। वहीं 6 पद जिला उपाध्यक्ष के लिए तीन महिला जिला उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी एस चंद्रसेन महासमुंद, धर्मशीला दास बसना, मीना वर्मा और सुधा साहू महासमुंद का नामांकन प्राप्त हुआ। उसी प्रकार तीन पुरुष जिला उपाध्यक्ष पद हेतु सात प्रत्याशी जय पवार महासमुंद, मनीराम (मनीष) बंसल महासमुंद, लोमश कुमार दीवान डुमरपाली तुसदा, नरेश सिंघल पिथौरा, आनंद साहू मचेवा, मनीष शर्मा महासमुंद और अशोक अग्रवाल बागबाहरा का नामांकन प्राप्त सभी प्रत्याशी का नामांकन वैध पाया गया। जमा नामांकन में से इच्छुक उम्मीदवार 10 सितम्बर 2024 तक अपना नामांकन वापस ले सकते है। आज की स्थिति में एक जिला अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार तथा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 4 महिला एवं 7 पुरुष उम्मीदवार हैं। यदि इनमें से कोई भी नामांकन जमा करने वाले उम्मीदवार नाम वापस लेते हैं, तो निर्विरोध की संभावना बन सकती है।

# एक पेड़ मां के नाम लगाने वालों ने फिर दे दिया हसदेव की कटाई का आदेश : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर एक-एक पौधे लगाने वालों से आदिवासियों की देवभूमि हसदेव अरण्य को बचाने की अपील की है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर एक-एक पौधे मां के नाम लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। जो दिखावे से कम नहीं! प्रकृति



की संरक्षण व सुरक्षा के लिए सभी को हसदेव की कटाई का विरोध करना होगा। प्रदेश के विष्णुदेव सरकार द्वारा आदिवासियों की देवभूमि हरे-भरे हसदेव अरण्य की बेदर्दी से अंधाधुंध कटाई का आदेश दे दिया गया है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2022 में सर्वसम्मति से विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया था कि हसदेव क्षेत्र में खनन गतिविधियां नहीं की जाएगी। जिसके फलस्वरूप हसदेव क्षेत्र को आरक्षित श्रेणी में रखा गया था। विधानसभा प्रस्ताव का सम्मान करने के बजाय भाजपा के विष्णुदेव सरकार ने भारी सुरक्षा बल तैनात कर पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों को धमकाया जा रहा, प्रमुख लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है।




### नगर में भाजपा सदस्यता अभियान का आगाज

**महासमुंद।** शहर के बूथ क्रमांक 176 में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सबसे वरिष्ठ नागरिक चंद्रमणि चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पार्षद महेंद्र जैन, बूथ प्रभारी अभिषेक पांडे, राजू जोशी एवं अन्य भाजपाजन।

# शक्ति केंद्र के शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर विधायक ने किया बूथों में सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**महासमुंद।** भाजपा शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार 6 सितंबर को भाजपा का बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में शिवशक्ति केंद्र नयापारा के बूथ 181 में कार्यकर्ताओं और नागरिकों को भाजपा के टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल और लिंक से भाजपा का सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित उपस्थित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने इस क्षेत्र के शिव मंदिर में पूजाअर्चना पश्चात बूथ के अध्यक्ष सुनीता साहू, विनय वर्मा, मनीष कैवर्त, रूपराम पटेल, कृष्णा




विश्वकर्मा को नमो एप के माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया। बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान के बारे में उपस्थित जनसमूह को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जानकारी दी। विधायक सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र और जनहित में भाजपा का सदस्य बनकर देश के विकास में सहभागी बने। जिला महामंत्री और इस बूथ के अतिथि प्रदीप चंद्राकर ने भी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी ने हमेशा प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि भाजपा के कार्यकर्ता सिर्फ चुनावी वातावरण में ही जनता के बीच नही सम्पर्क में नही रहते, बल्कि संगठन की शक्ति कहे जाने वाले सबसे प्रारंभिक ईकाई बूथों में हमेशा भाजपा की सरकार की योजना और उनका लाभ योग्य जरूरतमंदों को मिलता रहे इस प्रयास से हमेशा नागरिकों के बीच जनसम्पर्क करते आए है।

इस अवसर पर शहर मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा, सदस्यता शहर की प्रभारी सदस्य पार्षद मीना वर्मा, सदस्यता बूथ प्रभारी गोपाल वर्मा, पार्षद हफीज कुरैशी, भाजपा नेता दिनेश रूपरेला, आंनद गिरी, आकाश पांडे, भगवती करकसे, सुनीता साहू, अभिषेक पांडे, ललित मांझी, कस्तूरी, समीर करकसे, विनय वर्मा, रूपराम पटेल, राधा औसर, बलदाऊ पटेल, वर्षा चंद्राकर सहित बूथ के नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अधीक्षक श्रेणी द परीक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित अधीक्षक श्रेणी द (टीएचएस 24) भर्ती परीक्षा जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए जिलेभर से लगभग 24, 198 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन 87 केंद्रों में दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक एक पाली में होगा। महासमुंद जिला मुख्यालय में 38 केंद्रों पर 11, 050 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जबकि, बागबाहरा में 18 केंद्रों पर 4, 500, पिथौरा में 18 केंद्रों पर 4, 350, बसना में 6 केंद्रों पर 2300 तथा सरायपाली में 7 केंद्रों पर 1998 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी आयोजन के लिए 5 सितंबर को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में वन प्रशिक्षण हॉल महासमुंद में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में हुआ। जिसमें पहली पाली में केंद्र क्रमांक 23001 से 23043 तक के केंद्रों के लिए सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और दूसरी पाली में केंद्र क्रमांक 23044 से 23087 तक के केंद्रों के लिए दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स अजय कुमार राजा और डॉ. आईपी चेलक ने पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। कलेक्टर लंगेह ने प्रशिक्षण में शामिल होकर भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी मनोज कुमार खांडे, समस्त सहायक नोडल अधिकारी, समन्वयक, सहायक समन्वयक, मास्टर ट्रेनर्स, केंद्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# इमलीभाठा के शक्ति केंद्र में बैठक के बाद भाजपा सदस्यता अभियान की हुई शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संगठन के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान के तहत इमलीभाठा शक्तिकेंद्र का बूथ क्रमांक 170, 171 में बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहन किए जाने पर जोर दिया। मंडल सदस्यता टोली प्रभारी देवीचंद राठी द्वारा सदस्यता अभियान का उद्देश्य को विस्तारपूर्वक समझाया गया। मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन द्वारा सदस्य बनने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया।

विशिष्ट अतिथि अनिता जी रावटे भी सारे नौजवानों को पूरी ताकत से जुट जाने को कहा। शक्ति केंद्र प्रभारी सुजाता विश्वनाथन ने भी सभी महिलाओं और नौजवानों को तन्मयता से इस काम में जुट जाने का आह्वान किया एवं समय पूर्व अभियान को पूरा करने का आह्वान किया। तत्पश्चात चंद्रहास चंद्राकर द्वारा सात्विक वर्मा को सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद्राकर, राहुल चंद्राकर ने भी संबोधित किया। अभियान में शुरू से ही 50 सदस्यों को जोड़कर दिनेश बेहरा पूर्व पार्षद मंडल का पहला सक्रिय सदस्य बनने पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रभा साहू पूर्व पार्षद, पप्पू ठाकुर, रोशन बग्गा, सागर यादव, तरुण कुमार देवांगन, नीलेश सेन, लवेश सेन, सात्विक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल फसल सर्वे को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में एसडीएम सृष्टि चंद्राकर के नेतृत्व में बागबाहरा अनुभाग अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वे (डीसीएस) के सुचारु संचालन के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण तहसीलदार बागबाहरा और तहसीलदार कोमाखान द्वारा प्रदान किया गया। इसमें अनुभाग के सभी पटवारी, सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक (आरआई), और वेरिफायर को डीसीएस ऐप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्म का सही उपयोग कर फसलों का सटीक और समयबद्ध सर्वेक्षण करना था। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को डीसीएस ऐप के सभी महत्वपूर्ण फीचर्स के बारे में विस्तार से बताया गया। ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कैसे किया जाता है, डेटा कैसे दर्ज किया जाता है, और फील्ड में काम करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है, इस पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, ऐप में आने वाली संभावित तकनीकी कठिनाइयों से निराकरण के उपाय भी समझाए गए।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया गया कि फसल सर्वेक्षण में तकनीकी सुधारों से पारदर्शिता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों को भी सीधा लाभ होगा। डिजिटल प्लेटफार्म के इस्तेमाल से सर्वेक्षण प्रक्रिया में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सकेगा और समय पर सटीक डेटा उपलब्ध हो सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी पटवारी, सुपरवाइजर, और अन्य अधिकारी ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने सवालों का समाधान प्राप्त किया। एसडीएम चंद्राकर ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण की महत्वता और जिम्मेदारी को समझते हुए इसे पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ करने के निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण के आयोजन से यह अपेक्षा की जा रही है कि बागबाहरा और कोमाखान तहसील में डिजिटल फसल सर्वे (डीसीएस) प्रणाली का प्रभावी और समय पर क्रियान्वयन हो सकेगा।

### लोधी समाज का परिचय सम्मेलन 24 नवंबर को

रायपुर। लोधेशवरधाम में लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वार्षिक सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली भारत के नेतृत्व में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी अधिकाधिक संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर अंचल के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, विदर्भ, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, तेलगांना, गोवा एवं हरियाणा आदि राज्यों से पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर विगत 24 वर्षों से नियमित प्रकाशित होने वाली रायपुर छत्तीसगढ़ ही नहीं, अपितु हिन्दुस्तान में लोधी समाज की नियमित प्रथम स्मारिका का विमोचन भी होगा।

## जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगी

# पीएम आवास ग्रामीण में निकले संविदा के 192 पद, जिला और विकासखंड स्तर पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए जिला और विकासखंड (जनपद) स्तर पर भर्ती के लिए संविदा के 192 पद निकाले गए हैं। इन पदों के लिए 18 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। शर्त ये है कि एक आवेदक एक से अधिक जिलों के लिए आवेदन नहीं भर सकते। जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगा।

### इन पदों के लिए होगी भर्ती

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए जिला स्तर पर इन पदों पर भर्ती होगी। जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रशिक्षण समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड 3, लेखापाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर। विकासखंड स्तर पर विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती की जाएगी।

### इन शर्तों पर होगी भर्ती

इन पदों पर भर्ती के लिए 22 बिंदुओं के आधार पर शर्तें रखीं गई हैं। बताया गया है कि निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट से संबंधित जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम से 18 सितंबर तक शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश,निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 सितंबर 2024 के आधार पर की जावेगी।

हरिभूमि सरोकार

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### स्थायी जाति प्रमाणपत्र ही होगा मान्य

आवेदकों से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध मे शपथ पत्र देना होगा। आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।

### तीन साल के लिए होगी नियुक्ति

यह संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। सेवा समाप्ति पश्चात संविदा अधिकारी कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु-लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी। जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मेरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा की लिए बुलाया जायेगा तद्धपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

### शादी, बच्चे भी शर्तों में शामिल

आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति,पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

खबर संक्षेप



## सूर्या नर्सिंग में मनाया गया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक मोतीचंद बाफना रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को समर्पित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नृत्य, संगीत, कविताएं, भाषण आदि शामिल थे। छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट किए। इस समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था, जिन्होंने छात्रों के जीवन को संवारने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें महाविद्यालय के उप प्राचार्या शुभ्रा पैट्रिक तथा शिक्षकगण सृष्टि लाल, चंचल, समृद्धि, महिमा, सुनीता, पवन, हर्षिता, रेणुका, सोनम, साक्षी उपस्थित रहे।

## नवकिरण में हुआ छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 5 टेस्ट सिरीज का आयोजन

**महासमुंद।** छात्रावास अधीक्षक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 05 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 5 टेस्ट सीरीज के क्रम में गुरुवार को तीसरा टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ इसमें कम्प्यूटर, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, संविधान, इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, छत्तीसगढ़ इतिहास, बाल मनोविज्ञान, योगा, छात्रावास आदि के प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 132 परीक्षार्थियों और अन्य छात्रावास अधीक्षक परीक्षा की तैयारी करने वाले 34 परीक्षार्थियों कुल 166 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। चौथा टेस्ट 07 सितंबर को होगा।



## प्रमोद को मिला राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार

**महासमुंद।** शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में व्याख्याता के पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार कन्नौजे को राजभवन के दरबार हाल में राज्यपाल रमेन डेका ने उल्लेखनीय शिक्षकीय कार्य के लिए राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे।

## लाफिनकला में तीजा महोत्सव आज, होंगे विविध आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनकला में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्योहार तीजा पोला को विशेष रूप से मनाने की तैयारी की जा रही है। यहां तीजा महोत्सव का आयोजन 07 अगस्त शनिवार को किया गया है। ग्राम लाफिनकला के शांति चौक मे तीजहारिन दीदियों, बहनों के लिए फुगड़ी, लोटा दौड, कुर्सी दौड, पूजा थाली सजाओ, दीपक जलाओ, केला खाओ, गुपचुप खाओ, आइसक्रीम खाओ, गुब्बारा फुलाओ, गुब्बारा फोड़ो, प्रश्न मंच आदि विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। मां दुर्गा मंदिर के सामने दीपक जलाओ प्रतियोगिता से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को उपहार व नगद राशि प्रदान किया जाएगा।

# गोविंद का बोध गुरुओं ने ही कराया : राशि

## शिक्षक दिवस पर ख्यातिप्राप्त शिक्षकों का नपाध्यक्ष ने शॉल व श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गुरुओं द्वारा ही हमें ईश्वर अर्थात गोविंद का बोध हुआ है। ईश्वर से पहले गुरुजनों का स्थान व महत्वता बताई गई है। उक्त उद्गार पालिका परिसर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा।

श्रीमती महिलांग ने कहा कि गुरुजनों का दर्जा ईश्वर से भी पहले माना गया है व इनके ही दी शिक्षा से मानव जीवन में ज्ञान पुंज की प्राप्ति होती है। मानव समाज मे शिक्षक को प्रथम श्रेष्ठ माना गया है, हम सभी के जीवन को सार्थक शिक्षक के द्वारा दिए ज्ञान से प्राप्त होता है। कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त वरिष्ठ शिक्षाविद साधना कसार ने जीवन में शिक्षा और उसके महत्व व गुरुजनों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की वर्तमान समाज मे विकास के लिए योगदान देने की बात कही। पूर्व सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सौरिन चंद्रसेन ने शिक्षक को मिट्टी से विभिन्न आकृति गढ़ने वाला कुम्हार बताते हुए समाज के विभिन्न विभूतियों की जननी बताते हुए उन्होंने कविता के माध्यम से शिक्षक के कार्यो के बारे



में प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त शिक्षक उधम सिंह रामगढ़िया ने शिक्षक को शिक्षा के प्रकाश का ध्वज वाहक बताते हुए नपाध्यक्ष राशि महिलांग को श्रेष्ठ गुरु की सफल शिष्या बताया। पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर चंद्राकर ने एक शिक्षक द्वारा अपने सेवाकाल में समाज के विकास में योगदान व सेवानिवृत्त होने पर अपने शिष्यों की सफलताओं में हर्षित होने के बारे में विस्तार से बताया। सेवानिवृत शिक्षिका मधु शर्मा द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा व शिक्षक मानव समाज की उन्नति का प्रथम अध्याय है। जीवन को सही दिशा व दशा के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। सम्मान कार्यक्रम आहूत करने के लिए नपाध्यक्ष का आभार जताया।

सेवानिवृत्त शिक्षिका निर्मला श्रीवास्तव ने कविताओं के माध्यम से शिक्षक दिवस व शिक्षा के मानव जीवन मे महत्व में विस्तार से बात कही। वरिष्ठ प्राध्यापक अब्दुल करीम घोंघी व शिक्षिका दुर्गा पोद्दार ने अपने सेवा कार्यकाल में अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रममें समस्त गुरुजनों को शाल व श्रीफल से सम्मान करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कामना की। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष द्वारा अपने दो साल के कार्यकाल में शहर विकास की संभावनाओ के बारे में समस्त शिक्षकों से उनकी अपनी राय व सुझाव के बारे में जानना चाहा। उपस्थित गुरुजनों ने एक स्वर में वर्तमान पालिका के कार्यो में संतोष जताते हुए महासमुंद बायपास रोड, नहर लिंक रोड निर्माण, रोजगार देने के लिए किसी बड़े उद्योग की स्थापना आदि अनेक विषयों पर कार्य करने की सलाह नपाध्यक्ष राशि महिलांग को दी।

कार्यक्रम में सीताराम चेलक, नौशाद बक्श, दिलीप चंद्राकर, करण यादव, गुमान ध्रुव, अभिनव, उमेश साहू, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, रामा, ईशा टंडन, दुर्गेश कुंजेकर, जितेंद्र महंती, मोहर, रामकुमार, हेमा वर्मा युवा नेता अरिश अनवर, अध्यक्ष सहयोगी, नीरज परोहा व सगनजोत सिंघ उपस्थित रहें।



## दुर्गा विद्यालय में शिक्षक दिवस पर हुआ आयोजन

**सरायपाली।** दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुखमणि सुभाष पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, अध्यक्षता जीएस तोमर अध्यक्ष, दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लंबर, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार पटेल-सेवानिवृत प्रधानपाठक, संतराम सारथी सेवानिवृत व्याख्याता, धनुर्जय पटेल सेवानिवृत व्याख्याता, विश्वनाथ पटेल सेवानिवृत व्याख्याता थे। सभी अतिथियों के द्वारा डॉ राधाकृष्णन के छायाचित्र व मां सरस्वती, गणेश की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि रुखमणि पटेल ने राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सुन्दर गीत - इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रस्तुत की अध्यक्षता कर रहे तोमर ने कहा कि विद्यार्थी को हमेशा शिक्षकों का आदर व सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में संतराम सारथी, विश्वनाथ पटेल, राजकुमार पटेल ने अपना-अपना विचार भी व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं की ओर से मनीषा साहू, विद्या साहू रितु पटेल, तमन्ना साहू, निर्मला चौहान, तनू पटेल, रश्मि साहू, करनदास मानिकपुरी ने गुरु वंदना, गुरुभक्ति, गुरुओं के महत्व के बारे में सुंदर प्रस्तुति दी। शिक्षक दिवस पर सभी अतिथियों को शॉल, श्रीफल, पेन, डायरी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लम्बर के आरआर पटेल कोषाध्यक्ष, मदन चौरसिया सचिव, अंगद साहू सदस्य एवं विद्यालय के जीपी पटेल प्राचार्य, जेके जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, सीआर जायसवाल, टीआर जायसवाल, एलके साहू, एलके सिदार, एके चंद्र, एफएस बरिहा, खिरोद सिदार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ पदाधिकारी मनीषा साहू शाला नायक, लालिका वास उपशालानायक, शशि बरिहा विज्ञान सचिव, दिनेश निषाद, मनीष दास, कृष्णकुमार पटेल, प्रशांत साहू, विद्या साहू छात्रा प्रतिनिधि, करनदास एनएसएस दल नायक, हेमलता यादव, एनएसएस दल नायिका एवं एनएसएस के समस्त स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।




## लंबर स्कूल परिसर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल लंबर के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा पहली से दसवीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा शासकीय स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा समस्त शिक्षकों को स्वागत द्वार पर आरती तिलक लगाकर थाल ससम्मान मंचासीन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी एवं डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पूजन कर, आरती, पुष्प माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात हाईस्कूल प्राचार्य नवीन पटेल, समन्वयक संतलाल पटेल, उच्च प्राथमिक प्रधान पाठक समारू लाल चौहान, प्राथमिक प्रधान पाठक गौरी शंकर साव, व्याख्याता प्रमोद भोई, शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी एवं शिक्षक अजय कुमार चंद्रा का स्वागत छात्र प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ अर्पित कर तिलक लगाकर किया गया। मदनलाल चौरसिया अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति लंबर का भी स्वागत छात्र-छात्राओं ने तिलक व बुके भेंटकर किया गया। पश्चात समस्त कक्षाओं से छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, कविता, भाषण की प्रस्तुति दी गई। साथ ही सभी शिक्षकों से सारगर्भित उद्बोधन लिया गया। फिर छात्रों ने शिक्षकों को मटका फोड़ एवं बाल्टी बाल खेल के लिए आमंत्रित किया। जिसमें संतलाल पटेल समन्वयक ने मटका फोड़ कर अपना स्थान बनाया। बाल्टी बाल में अजय चंद्रा ने पहला स्थान पर कामायाबी हासिल किए। सभी शिक्षकों को लेखनी व डायरी उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कक्षा पहली से 10वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने पूड़ी सब्जी का लुफ्त उठाया। अंतिम में सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक गीत पर नृत्य कर भरपूर मनोरंजन करते हुए धूमधाम से कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## स्वयंसेवकों ने की शहीद स्मारक और तालाब तटों की साफ-सफाई

**महासमुंद।** शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा 6 सितंबर को प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में एनएसएस प्रभारी मधुमती चंद्राकर द्वारा ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक परिसर और तालाब के तटों की साफ-सफाई का कार्य किया गया। एनएसएस के बच्चों के साथ महिला ग्रामीण अध्यक्ष जिला रायपुर सविता चंद्राकर और ग्राम खरोरा सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर का विशेष सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि तीज पर्व पर तीजहारिन बहनें पूजा करने और नहाने तालाब में आती है। स्वयंसेवकों द्वारा तालाब की सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन पिंकी, कमला, जय, संतोषी, गुंजा और केसरी चंद्राकर का सहयोग रहा। इस दौरान एनएसएस छात्रा दीक्षा चंद्राकर, हिमांशी टंडन, सीमा, सानिया, डिंपल चंद्राकर आदि ने सेवा व श्रमदान दिया।

# लाफिनखुर्द स्कूल में मनाया गया शिक्षक

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिन खुर्द में शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्र संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुंदरलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं नामदेव साहू, डॉ. प्रेमू विश्वकर्मा, संतोष साहू, संस्था के प्रचार्य भारत साहू एवं सभी स्टाफ उपस्थित थे।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पूजा अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। सभी शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा गतिविधि का आयोजन किया गया। पर्ची में गतिविधि लिखकर सभी शिक्षकों एवं अतिथियों को एक एक पर्ची उठाने एवं उसमें लिखे हुए निर्देशानुसार अभिनय करने व डायलॉग बोलने के लिए कहा गया। सभी शिक्षकों एवं अतिथिगण इसमें भागीदारी किए। शिक्षक दिवस पर संध्या पटेल, माधुरी साहू, लीना साहू, उर्वशी यादव, तेमिन पटेल, प्रीति साहू, रेशमी साहू कक्षा 10वीं, चित्ररेखा साहू, धनेश्वरी कक्षा 9वीं ने अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के प्राचार्य ने शिक्षक दिवस की महत्व बताते हुए डॉक्टर राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं सभी बच्चों को एक प्रशासनिक पद के अलावा एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। नामदेव साहू समिति सदस्य ने सभी बच्चों को आयोजन पर बधाई देते हुए गुरु और माता-पिता का हमेशा आदर करने की बात कही। कार्यक्रम के अतिथि सुंदर साहू ने शिक्षक दिवस के लिए सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते है एवं उसे सही दिशा देते हैं। छात्र संघ की ओर से भी सभी शिक्षकों और अतिथियों को श्रीफल एवं कलम भेंटकर सम्मान किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिंहा द्वारा शिक्षक दिवस पर भेजे गए उपहार को सबको भेंट किया गया। कार्यक्रम को प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, विनीता दीवान, ममता ठाकुर व्याख्याता, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी एवं सभी शिक्षकों ने सम्मिलित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वेद कुमारी निषाद एवं चेतना साहू ने किया।

# वर्तमान शिक्षा में बहुत कुछ हो चुका है बदलाव, लेकिन गुरु-शिष्य परंपरा आज भी कायमः शब्या

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शब्या पटेल विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, अध्यक्षता यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेघनाथ सिदार भूगोल मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति चांदनी चौहान ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और समर्पण के साथ अपने अनुभव को साझा किए तथा आने वाले समय में गुरुजनों द्वारा दिए गए ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में अपनाने के लिए अपना संकल्प व्यक्त किए।

विशिष्ट अतिथि मेघनाथ सिदार ने शिक्षक दिवस के महत्त्व पर अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमें जीवनभर सीखने के लिए प्रेरित करता है। यदि हम जीवन में शिक्षा को अभिन्न अंग बना लेते हैं तो अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शब्या पटेल ने कहा कि प्राचीन भारतीय शिक्षा और आज के वर्तमान शिक्षा में बहुत कुछ बदलाव आ चुका है, लेकिन गुरु शिष्य परंपरा अभी भी अपने ऐतिहासिक स्वरूप को संजोकर रखा है। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने दार्शनिक विचारों से ना केवल भारत को अपितु पूरे विश्व में अलग पहचान स्थापित की, वह भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा देश की द्वितीय राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित हुए और उनके जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में समर्पित किया। शिक्षा ज्ञान की वह पाठशाला है, जिसमें अंधकार रूपी अज्ञान का आवरण हटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश का प्रतिबिंब प्रस्तुत होता है। आज हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित होकर अपने शिक्षकों एवं गुरुजनों से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर भारत को श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाना होगा।



हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी ने गुरु और शिष्य की महत्ता पर अपना विचार बहुत ही प्रेरक एवं सारगर्भित तरीके से व्यक्त किया। शिष्य के मन में जो जिज्ञासा एवं भ्रांतियां रहती हैं उसको दूर करने के लिए शिष्य गुरु के चरणों में जाकर उसका समाधान चाहता है। वह शिष्य गुरु के आदर्श एवं सिद्धांत से इतना द्रवित होता है कि उसके जीवन में परिवर्तन परिलक्षित होता है, तो वह गुरु को अपना आदर्श स्वरूप के रूप में पूजा करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है और इसके प्रभाव से हम स्वयं में, समाज देश में क्या परिवर्तन ला सकते हैं? हमें उन शिक्षकों का आभार व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने हमें ज्ञान रूपी प्रकाश प्रदान किया है उस ज्ञान का उपयोग हम अपने व्यवहारिक जीवन में करें। कार्यक्रम का संचालन हर प्रसाद देवांगन एवं एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ स्वयंसेवक सेतकुमार कोसरिया ने किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग में भी शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने गुरुजनों एवं प्राध्यापकों का शिक्षक दिवस पर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण डीके मांझी, प्राची गुप्ता, हेमलता पटेल, खिरसागर पटेल, अनिल गुप्ता, डॉ झरना साव, नरेश कुमार जगत, सत्य प्रकाश खड़बंदे, अंकित यदु, पीतांबर बाघ, गायत्री प्रसाद पटेल, पूजा सोनी, खुशबू आदि मौजूद रहे।

# बरपानी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस, हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय उमावि, एमएस एवं पीएस बरपानी के संयुक्त तत्वावधान में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था प्रमुख रघुनंदन पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन व भारत माता के फोटो चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया।



कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों व नागरिकों का गुलाल लगाकर, फूलों की माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को रंगोली व गुब्बारों से मनमोहक सजाया गया था। केएस ठाकुर द्वारा शिक्षक दिवस पर उद्बोधन दिया गया व छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखा गया। अश्वनी सांड (शिक्षक) द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया। निर्मलसिह ठाकुर ने बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। संस्था प्राचार्य रघुनंदन पटेल ने कहानी के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें बताकर जीवन में अवसर को पहचान कर उसका सदुपयोग करने को कहकर प्रोत्साहित किया। वहीं क्रीड़ा प्रतियोगिता शिक्षकों के बीच में हुई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष दयाराम साव, सदस्य कृष्णा श्रीवास, विजय राजपूत, जयशंकर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। शिक्षक केएस ठाकुर, वी तांदुलाने, जेके नायक, केके वर्मा, बीएल सिदार, एलएस भोई, संदीप कुमार साहू, लोचन पटेल, पवन पटेल, इंद्रा पटेल, टीसी भोई, विनीता नायक, टीसी भोई, मिडिल स्कूल स्टाफ अश्वनी सांड, दीपक नायक, केबी नायक, प्रायमरी स्कूल स्टाफ, यूएस ठाकुर, मनीराम मैत्री, द्वारिका चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बारहवीं की छात्रा ममता नायक ने किया। अंत में प्राचार्य आरएन पटेल द्वारा समस्त स्टाफ की ओर से सभी बच्चों का कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# शिक्षक दिवस पर सोनपुर स्कूल हुए विविध कार्यक्रम

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर व पूर्व माध्यमिक शाला सोनपुर में शिक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गौरी चौहान के स्वागत के साथ किया गया। शिक्षक दिवस के इस कार्यक्रम के रूपरेखा बच्चों द्वारा ही बनाई गई थी। मुख्य अतिथि गौरी चौहान ने केक काटकर शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों के द्वारा सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सप्रेम भेंट प्रदान किया गया। साथ ही साथ बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। सभी बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनपुर के प्रधान पाठक कमलनयन साहू, शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर के प्रधान पाठक मिथलेश साहू, अशोक पटेल, विजय शंकर पटेल, दिनेश पाटकर, गौरी चौहान, संकुल समन्वयक बरपानी पुरुषोत्तम वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष गोवर्धन साहू, सुकदेव पटेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चौहान ने बच्चों के अभिवादन में बच्चों के शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। अंतिम समय में संकुल समन्वयक बरपानी पुरुषोत्तम वर्मा बच्चों के अभिवादन में कहा बच्चे भविष्य का नींव है और शिक्षक दिवस कार्यक्रम से काफी प्रभावित हुए, और सभी बच्चों की प्रस्तुति को न भूलने वाला पल बताया।



# बालक शाला में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक बालक शाला बसना में छात्र परिषद् के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूपमें एनएल भोई अध्यक्ष एसएमडीसी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसके पटेल प्राचार्य ने की तथा विषिष्ट अतिथि के रूप में आरबी प्रधान अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ, राजकुमार बेहरा पूर्व अध्यक्ष तथा विजय पटेल कोषाध्यक्ष विराजमान थे।

अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ



किया। विद्यार्थियों ने अतिथियों तथा अपने गुरूजनों का स्वागत पुष्पहार एवं तिलक से किया। कक्षा बारहवीं की छात्रा अंजलि बंजारा ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया। शाला नायिका जागृति मिश्रा छात्र सोम प्रकाश भोई, दिशा राय ने अपने उद्बोधन में गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए हमेशा उनके बताए मार्ग पर चलने की बात की। संस्था के शिक्षक रमेशकुमार सोनी, संजय कुमार कर, सचिन देवांगन आदि ने छात्रों का आह्वान किया कि वे जीवन में उच्चनैतिक मूल्यों को अपनाते हुए अपने लक्ष्य का पीछा एकाग्र चित्त होकर करें। अतिथियों ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति अपना आदर प्रकट किया। साथ ही छात्रों को कठोर परिश्रम करते हुए उच्च लक्ष्य हासिल करने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र अभिषेक दास तथा छात्रा शिखा साहू ने किया। अंत में छात्रों ने श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अपने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी जागृति मिश्रा, अंजलि बंजारा, शिखा साहू, यामिनी राय, दिशा राय, सोम प्रकाश भोई, बादल बेहरा, टिकेश्वर सिंह, टेकनयन बंजारा, पवन बेहरा, गुंजन डड़सेना, रोहित साव, यशपाल सिंह, रोहन साहू, सिद्धार्थ बढ़ई, बादल साव, तुषार प्रधान आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

# शिक्षक स्नेह मिलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**सरायपाली।** नगर के जैन कॉलोनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं राजयोग एजुकेशन और रिसर्च फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षक स्नेह मिलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष सीता अमृत पटेल एवं केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या सीमा प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख ब्रह्माकुमारी अहिल्या दीदी ने की। समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल और उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में शामिल प्रमुख शिक्षकों में भगवान प्रसाद साहू, प्रसन्न साहू, विराट कुमार भोई, रुक्मण प्रसाद पटेल, गोपनाथ पटेल, प्रवीण प्रधान, चंद्रकला नागवंशी एवं गंगाधर प्रसाद द्विवेदी का नाम शामिल रहा। सरायपाली की प्रसिद्ध शिक्षिका सु शुभ्रा डडसेना को भी उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज सेविका अनिता चौधरी पटेल ने किया। कार्यक्रम के अंत में अन्य कुछ शिक्षकों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं को भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने मनाया हरितालिका तीज पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हरितालिका तीज पर्व महिलाओं ने मनाया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर सुबह से तीज माता की पूजा अर्चना की गई। माता पार्वती से अमर सुहाग की कामना की गई। महादेव मंदिरों में दर्शन के साथ दिनभर महिलाओं ने पूजा आराधना की। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए तीज माता का दिन भर व्रत रखा। शाम के समय देवदर्शन कर मंगल गीत गाते हुए प्रसाद के रूप में आटे से निर्मित मैदा, बेसन, फल व मिठाइयों से तीज माता की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की।

### भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक कल

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 8 सितंबर रविवार को दोपहर 12 बजे चंडी मंदिर बिरकोनी में बैठक आहूत की गई है। जिसमें जिले के महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, सरायपाली के चारों ब्लाक के अध्यक्ष व ब्लाक पदाधिकारी की उपस्थिति रहेगी। जिला सचिव रामकुमार मोंगरे ने सभी पदाधिकारियों व ग्राम पंचायत के भृत्य संघ के सदस्यों को बैठक में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी ब्लाक सचिव बलदाऊ निषाद बड़गांव निवासी ने दी है।

### महासमुंद में अंतर शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 15 से

**महासमुंद।** जिला फुटबॉल संघ महासमुंद के तत्वावधान में स्व. दलगंजन सिंहदेव (भूतपूर्व फुटबॉल खिलाड़ी) की स्मृति में 15 से 17 सितंबर 2024 तक अंतर शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र की सभी विद्यालयों की टीम आमंत्रित है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए एवं कप, सभी मैचों में मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 05 सितंबर 2024 है। अधिक जानकारी के लिए जिला फुटबाल संघ के सचिव संतोष साहू को अधिकृत किया गया है।

### शास्त्री नगर स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**सरायपाली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 स्थित प्राथमिक शाला शास्त्री नगर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष सुभाषिनी भोई, उपाध्यक्ष प्रीति दास, समिति सदस्य शिवा दास, चंचल चौहान, साबिया दास, नेहा सतपथी, परमेश्वरी दास, संकुल समन्वयक कोमल प्रताप चौधरी, प्रधान पाठक अनुपमा सतपथी, सहयोगी शिक्षक अनीता चौधरी, पुष्पाजलि चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## बैठक : विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के दिए निर्देश

# स्वभाव, संस्कार थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वछता ही सेवा देशव्यापी अभियान अंतर्गत कलेक्टर विनय लंगेह ने जिले में भी 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित अभियान में स्वच्छता के प्रति आम जनता के सोच में बदलाव के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। लंगेह ने शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सभी सीईओ जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। जिससे कि लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामूहिक रूप से ग्रामीणजन अपने गांव एवं क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें। विदित हो कि वर्ष 2024 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की दसवीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 14 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है।



कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों की बैठक लेकर 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित अभियान के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर विनय लंगेह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सेवा संबंधित कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान गांव के गंदे एवं कचरे के ढेर जमा होने वाले स्थानों की साफ-सफाई, मेगा स्वच्छता ही अभियान का आयोजन के अलावा स्वच्छाग्राही एवं सफाई मित्रों के योगदान की सराहना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधरोपण कराने के अलावा स्वच्छता पर आधारित शैक्षणिक सामुहिक प्रदर्शन, स्वच्छ फूट स्ट्रीट, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन, जीरो वेस्ट इवेंट, वेस्ट टू आर्ट, एनजीओ एवं स्वसहायता समूहों का मोबिलाइजेशन, स्वच्छता आउटरिच अभियान, स्वच्छता दौड़, साइकिल रैली और मैराथन, स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता, स्कूल के बच्चों को अभियान में शामिल करना, वाल पेंटिंग्स एवं जिले के पार्क, उद्यानों एवं आवागमन वाले स्थानों का सौंदर्यीकरण आदि गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा विभिन्न कचरा पॉइंट का चिन्हांकन की साफ सफाई और सफाई मित्रों के मेडिकल चेकअप के निर्देश दिए।

## 15 को राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छग के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने 27 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान समाज के आराध्य संत सेवालाल के छायाचित्र भेंटकर एसटी प्रकरण, नया रायपुर में छात्रावास, निगम मंडल आयोग में प्रतिनिधित्व की मांग सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी 15 सितंबर को रायपुर होने वाले राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आने की सहमति प्रदान की।

इस दौरान अखिल बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव राम नायक, बंजारा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, कौड़िया परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल नायक, कौड़िया परिक्षेत्र के पूर्व उपाध्यक्ष इंदल सिंह नायक, देवभोग परिक्षेत्र के अध्यक्ष खगेश्वर नायक, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ विष्णु नायक, प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ मनोज मुछावड़, मेगासिटी अध्यक्ष रायपुर आलेख नायक, प्रदेश संगठन मंत्री धनसाय नायक, रायपुर संभागीय अध्यक्ष कामेश बंजारा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गिरधर बंजारा, फुलझर परिक्षेत्र के सचिव दुर्गा नायक सहित अन्य बंजारा बंधु उपस्थित रहे। कौड़िया परिक्षेत्र के सभी वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों ने सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## सरपंच एवं पंचों की अनुपस्थिति के कारण पीएम आवास में गड़बड़ी की जांच स्थगित

**कोमाखान।** ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा के ग्रामीणों ने उपसरपंच संगीता चंद्राकर पति अर्जुन चंद्राकर के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति में ग्रामीणों ने संदेहात्मक गड़बड़ी की जांच के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी बागबाहरा के समक्ष ज्ञापन सौंपकर अपात्र आवास की जांच मांग की थी। जिसकी जांच टीम ग्राम पंचायत घोयनाबहरा में 6 सितंबर शुक्रवार को पहुंची। जांच में मुख्य रूप से जनपद पंचायत बागबाहरा कार्यालय से करारोपण अधिकारी क्षीरसागर पटेल एवं एडीओ पटेल पहुंचे। ग्राम पंचायत घोयनाबाहर भवन में जांच अधिकारियों ने सरपंच एवं पंचों की गैर मौजूदगी के कारण जांच स्थगित कर पुनः जांच की तिथि 11 सितंबर 2024, बुधवार को करने का आश्वासन उपस्थित ग्रामीणों को दिया है। इस दौरान नीलकंठ दीवान, भुनेश्वर ठाकुर, राकेश ठाकुर, तूफान दीवान, भूपेंद्र साहू, सरवन ठाकुर, डेरहा ठाकुर, देवाराम साहू, दिलेश्वर साहू, गजेंद्र सबर, गोरी ठाकुर, निर्मला ठाकुर, द्रौपदी ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, हेमंत यादव, प्रमोद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।




## एक माह बीत गया, लेकिन शिविरों में लिए गए आवेदनों का नहीं हो पाया निराकरण: निखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**त्वरित समाधान शिविर हमेशा की तरह भाजपा का सिर्फ जुमला ही साबित हुआ**

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने कहा कि भाजपा द्वारा विगत 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका क्षेत्र के समस्त 30 वार्डों से हजारों आवेदन जनता की मांगों व समस्याओं से संबंधित मिले। शिविरों में भाजपा का प्रचार-प्रसार भी खूब हुआ, कहा गया कि जो भी समस्या होगी उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। लेकिन, उक्त शिविर हमेशा की तरह सिर्फ जुमला ही साबित हुआ। माह भर बीतने के बाद भी शिविरों में लिए गए आवेदनों का निराकरण नहीं किया हुआ। निखिल ने आगे कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में लाभ पाने भाजपा ने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा स्टंट किया। जो पूरी तरह फेल साबित हुई है। शहर के नागरिकों ने बड़ी उम्मीद के साथ कतारबद्ध होकर घंटों समय देकर उक्त शिविरों में आवेदन किया था। यहां तक पालिका में आने वाले नागरिकों को भी संबधित शिविरों में भेजा जाता था। जिससे आवेदनों की संख्या में इजाफा हो सके। भाजपा ने अपनी राजनीति चमकाने शहर के लोगों की भावनाओं से खेला तथा पालिका के शासकीय कर्मचारियों का इस्तेमाल भी अपने प्रचार प्रसार के लिए किया। शहर की जनता यह समझ चुकी है कि जुमलेबाजों ने उन्हें ठगने का काम किया है। शिविरों में दिए आवेदनों का पता लगाने जनता पालिका पहुंच रहे हैं, और पूछ रहे हैं कि हमारे आवेदनों का क्या हुआ?



## पेंशनर एसोसिएशन ने मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश तहसील शाखा बागबाहरा द्वारा कर्मचारी भवन बागबाहरा में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक शाखा बागबाहरा शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं नवीन के मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता पेंशनर संघ बागबाहरा के अध्यक्ष भैया राम चंद्राकर रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र में माल्यार्पण किया गया।

अतिथियों ने बताया कि राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 में जन्म हुआ था, जिनकी शिक्षा मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में हुआ। उनका मानना था कि समाज में शिक्षकों को समाज में एक विशेष स्थान मिलना चाहिए। शिक्षकों की लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका और हमारी शिक्षा में योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करने और उनकी सराहना करने का आज एक विशेष दिन है। यह दिन शिक्षकों और छात्रों के बीच में बंधन का सृजन का दिन है और शिक्षकों का अपने पेशे में लाई गई कड़ी मेहनत समर्पण और जुनून को पहचानने का दिन है। यह दिन शिक्षकों को सम्मानित करने और समाज में उनके अमूल्य योगदान को पहचान के लिए समर्पित है। साथ ही यह दिन शिक्षा के महत्व और हमारे जीवन को आकार देने में शिक्षकों के प्रभाव की याद दिलाता है। उद्बोधन में रूपेश तिवारी, फगवाराम ठाकुर, गणपति श्रीवास्तव द्वारा शिक्षा के महत्व को बताते हुए प्रकाश डाला गया और नवीन द्वारा शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। पेंशनर संघ के अध्यक्ष भैयाराम चंद्राकर द्वारा समाज में शिक्षक का क्या महत्व है पर प्रकाश डाला गया।



**यह रहे मौजूद :** इस अवसर पर पेंशनर संघ के राजेंद्र कुमार होता, डीके सेन, जीडी मानिकपुरी, संजय शर्मा, डॉ गजानंद, उल्लास कुमार दास, खोलबाहरा राम साहू, डॉ अशोक चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, भगवा राम ठाकुर, नोहर सिंह साहू, जनक राम साहू, भूषण लाल साहू, रूपेश्वर तिवारी, सुंदरलाल साहू, तुकाराम साहू, दयालु राम नागेश्वर, गंगा राम साहू, ओसराम साहू, वासुदेव भाले, किसान दीवान, कमल प्रसाद पांडे, मोहनलाल पटेल, लखनलाल साहू, फूल सिंह दीवान, पवन कुमार चंद्राकर, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, प्रेमलता निषाद, झड़ी राम साहू, धांसू राम, राकेश शर्मा, उमराव सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**बसना।** एजुडिपार्ट वेबपोर्टल ने शिक्षक दिवस 2024 के अवसर पर एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक से भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना था। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें शिक्षा, भारतीय दर्शन और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देना था। इस आयोजन ने शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और रुचि को प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बना। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने इसे एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। एजुडिपार्ट की इस पहल को शिक्षा समुदाय से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, और इसे भविष्य में भी जारी रखने के लिए प्रेरणा मिली है। शिक्षा के प्रति समर्पण और शिक्षकों की भूमिका को पहचानने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता सफल रही और इसमें भाग लेने वाले सभी शिक्षकों और छात्रों का उत्साह सराहनीय था।

### मरार कसहीबाहरा हाईस्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मरारकसहीबाहरा में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच कमल नारायण साहू द्वारा शिक्षकों को डायरी, कलम, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज उपाध्याय के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। ग्राम पंचायत के सभी नागरिकों संस्था के कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भाषण व वक्तव्यों की प्रस्तुति दी गई। सरपंच कमल नारायण साहू, शाला संरक्षक खिलेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्राचार्य मनोज उपाध्याय ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज उपाध्याय द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया।








## शिक्षकों का सम्मान करना मेरा सौभाग्य: नोवीना

**बसना।** विकासखंड बसना के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सागरपाली में नवीन अमृत जगत सभापति जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य अतिथि एवं सरपंच कालिंद्री अग्रवाल की अध्यक्षता में 5 सितंबर 2024 को संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जहां पीएल साहू प्रधान पाठक सागरपाली, निमंकर कर पटेल नोडल प्राचार्य दुर्गापाली, लक्ष्मण पटेल संकुल समन्वक, श्याम भोई प्राचार्य, सुखमोती चौहान प्रधान पाठक बीजराभाठा, अंजलि साहू प्रधान पाठक कापुडीह, शिक्षिकागण सिंधु सीटर बसना, प्रमिला निषाद बसना, सुधा चौरसिया सागरपाली, वेदांती पटेल सागरपाली, अभिमन्यु चौहान प्रधान पाठक सागरपाली, शिक्षकगण जुगलाल पारेशवर बंसुलीडीह, मुरलीधर पटेल सागरपाली, उस्ताद अली सागरपाली, मुन्ना अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि, सोहन पटेल पूर्व जनपद पंचायत सदस्य एवं श्वेता चौहान कुंती पटेल रजनी चौहान रमिता भोई, धन मोती बंजारा, उत्तरा बाघ दिल मोती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति नोवीना जगत, सरपंच कालिंद्री अग्रवाल एवं विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती का सामूहिक पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में उपस्थित समस्त शिक्षकों को नोविना जगत ने साल और फल भेंट कर सम्मानित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों का कार्य केवल ज्ञान वितरण करना ही नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों में उनकी अहम भूमिका रहती है। जिसमें से मुझे भी एक क्षेत्र जन सेवा करने का सौभाग्य मिला है। आज शिक्षकों का सम्मान करते हुए मैं अपने आप में बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और इसे मैं अपना सौभाग्य समझती हूं। अंत में इतना कहना चाहूंगी कि मुझे आप लोगों का आशीर्वाद और सहयोग सदैव मिलता रहे। ताकि, मैं समाज सेवा करने के लिए आपकी सेवा ने सदेव तत्पर रहूं। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय सागरपाली के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।